लापरवाही | साल भर पढ़ा इंग्लिश लिटरेचर, पेपर मिला इंग्लिश कम्युनिकेशन का

# विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही से 45 विद्यार्थियों का भविष्य हो सकता है अंधकारमय

- सीबीएसई बोर्ड का फार्म भरने में विद्यालय प्रबंधन की गलती का फल भुगता विद्यार्थियों ने




**वारासिवनी।** विद्यालय प्रबंधन की लापरवाही के कारण 45 बच्चों का भविष्य अंधकारमय होने की कगार पर पहुँच गया है। सीबीएसई की कक्षा 10 वीं में विद्यालय ने साल भर विद्यार्थियों को अंग्रेजी साहित्य की पढ़ाई करवाई, लेकिन आज 21 फरवरी को जब विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र में पहुँचे और उनके हाथों में प्रश्न पत्र आया, तो वह हक्का बक्का रह गए।

विद्यालय में वर्ष भर पढ़े गए विषय से हटकर अन्य विषय के प्रश्न आने से परीक्षार्थी कुछ भी नहीं कर सके और प्रश्न पत्र हल करने का समय समाप्त होने के बाद जब परीक्षार्थी बाहर निकले, तो आक्रोशित परीक्षार्थियों ने अपने पालकों को वस्तुस्थिति बताई। जिसके बाद परीक्षार्थियों ने वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर नवोदय विद्यालय के सामने चका जाम कर दिया। जिससे इस मुख्य मार्ग से आने जाने वाले वाहनों की लंबी कतार दोनों ओर लग गई।

### मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर चकाजाम समाप्त करवाया

जिसकी जानकारी मिलने पर एसडीओपी अभिषेक चौधरी, थाना प्रभारी पवन यादव पुलिस बल के साथ धरना स्थल पर पहुँचे और विद्यार्थियों को पहले समझाया, फिर उनके पालकों से चर्चा की और उनके नहीं मानने पर उन पर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी। पुलिस की धमकी से डरे हुए पालकों ने बच्चों का भविष्य खराब होने के डर से चका जाम समाप्त करवा दिया। लेकिन उनका आक्रोश विद्यालय प्रबंधन के प्रति बना रहा।

### इंग्लिश लिटरेचर के स्थान पर इंग्लिश कम्युनिकेशन का मिला पेपर

मामला कटंगी मार्ग पर स्थित आईडियल पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल चंदोरी का है। जहाँ के कक्षा 10 वीं के लगभग 45 विद्यार्थियों का 21 फरवरी को अंग्रेजी साहित्य का पेपर था। इन विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय वारासिवनी था। यह सभी विद्यार्थी परीक्षा देने के लिए परीक्षा केन्द्र के परीक्षा कक्ष में पहुँचे। जब उनके हाथों में प्रश्न पत्र आया, तो वह इंग्लिश लिटरेचर के स्थान पर इंग्लिश कम्युनिकेशन का पेपर था। जिससे सभी परीक्षार्थी हक्का बक्का रह गए।

### आक्रोशित पालक व विद्यार्थियों ने मचाया हल्ला

जिसके बाद जैसे तैसे परीक्षार्थियों ने पेपर हल किए और परीक्षा केन्द्र से बाहर निकल कर अपने माता-पिता को इस बात की जानकारी दी। जिस पर आक्रोशित पालकों ने विद्यालय प्रबंधन से चर्चा की। तो उनके द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए आगामी समय में होने वाली परीक्षा में उसे सुधरवाने का आश्वासन दिया है। लेकिन उसके बावजूद विद्यार्थियों व पालकों ने वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर आईडियल पब्लिक हायर सेकेन्डरी स्कूल चंदोरी के सामने सडक़ पर बैठकर चका जाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### विद्यालय को पहले से था पता विद्यार्थियों व पालकों को देते रहे आश्वासन

उल्लेखनीय है कि विद्यालय प्रबंधन को अपनी गलती का पहले ही पता चल चुका था, जब सीबीएसई से परीक्षाथियों के परीक्षा प्रवेश पत्र आए, तो उसमें इंग्लिश लिटरेचर के स्थान पर इंग्लिश कम्युनिकेशन का पेपर देख कर प्रबंधन भी सकते में आ गया था। वहीं विद्यार्थियों व उनके पालकों ने भी पेपर को लेकर विद्यालय प्रबंधन से लगातार चर्चा की। जिस पर प्रबंधन द्वारा उन्हें आश्वासन दिया जाता रहा कि पेपर इंग्लिश लिटरेचर का ही आयेगा। प्रबंधन की गलती को सुधारने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा भोपाल व दिल्ली तक सीबीएसई के कार्यालय के चक्कर लगाए गए। लेकिन अंतिम समय तक गलती में सुधार नहीं हो पाया और अंतत: आज विद्यार्थियों को पेपर इंग्लिश लिटरेचर के स्थान पर इंग्लिश कम्युनिकेशन का मिला। जिसे पढ़ाई नहीं हो पाने के कारण विद्यार्थी पूरी तरह से हल नहीं कर पाये।

एक विद्यार्थी की पालक दीपमाला ठाकरे ने बताया कि पिछले 4 दिनों से विद्यालय प्रबंधन द्वारा हमें आश्वासन दिया जा रहा था कि बच्चों को इंग्लिश लिटरेचर का पेपर ही देना पड़ेगा। कल रात में भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा हमें यही बताया गया था कि बच्चों को इंग्लिश लिटरेचर का ही पेपर मिलेगा। लेकिन उन्हें इंग्लिश कम्युनिकेशन का पेपर मिला। विद्यालय की गलती के कारण हमारे बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने ऐसे स्कूल को बंद करने की मॉग भी कर डाली है। इस मामले में विद्यालय प्राचार्य डॉ. दया राऊत ने बताया कि कक्षा 9 वीं में ही विद्यार्थियों के फार्म भर दिए जाते है। उनके पदभार सम्हालने के पूर्व ही इन विद्यार्थियों के फार्म भरे जा चुके थे। इन विद्यार्थियों के परीक्षा प्रवेश पत्र आने के बाद पता चला कि अंग्रेजी लिटरेचर के स्थान पर अंग्रेजी कम्युनिकेशन विषय फार्म में भरा गया है। जिसका सुधार करवाने के लिए भोपाल व दिल्ली के सीबीएसई कार्यालय तक प्रबंधन के अधिकारी गए थे, लेकिन उसमें सुधार नहीं हो पाया है। सीबीएसई द्वारा द्वितीय परीक्षा में आयोजित की जाने वाली है, हमारे द्वारा उस परीक्षा में विद्यार्थियों को अंग्रेजी लिटरेचर विषय की परीक्षा ही दिलवाने का प्रयास किया जा रहा है।

### कम्युनिकेशन पढ़ा नहीं तो हल कैसे करते : उन्नति

गलत विषय का पेपर मिलने से नाराज विद्यार्थी उन्नति ने बताया कि विद्यालय द्वारा गलत विषय भर देने की जानकारी प्रवेश पत्र मिलने पर पता चली थी। जिस पर विद्यालय प्रबंधन से हमने और हमारे पालकों ने चर्चा की थी, जिस पर उन्होंने हमें आश्वासन दिया था कि इंग्लिश लिटरेचर का पेपर ही आयेगा। लेकिन आज जब हम पेपर देने बैठे, तो हमें इंग्लिश कम्युनिकेशन का पेपर दिया गया। जिससे हम सिर्फ ग्रामर ही हल कर सके है। चूँकि हमने कम्युनिकेशन पढ़ा ही नहीं था, तो हम पेपर कैसे हल कर पाते। गलत पेपर मिलने से हमारे परीक्षाफल पर गंभीर असर पड़ेगा।

### इनका कहना है



विद्यालय प्रबंधन के कारण बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है
दीपमाला पालक

गलती को सुधारने का प्रयास किया गया।
डॉ. दया राऊत



विद्यालय प्रबंधन ने गलती मान ली है, सुधार का प्रयास करने का दिया है आश्वासन
अभिषेक चौधरी, एसडीओपी

## शादी-बारात में स्कूल वाहनों के उपयोग पर सख्त रोक

**नवभारत बालाघाट।** जिले में कुछ स्थानों पर यह देखने में आ रहा है कि स्कूल वाहन मालिकों एवं चालकों द्वारा रात्री के समय स्कूल बसों का उपयोग शादी-बारात एवं अन्य निजी कार्यक्रमों में किया जा रहा है। इस संबंध में परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि स्कूल वाहन केवल विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन के लिए अधिकृत हैं, उनका किसी भी प्रकार से व्यावसायिक या निजी कार्यक्रमों में उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है।

नगर पुलिस अधीक्षक श्री मयंक तिवारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने जिले के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं निजी स्कूलों के प्रमुखों को निर्देशित किया है कि स्कूल बसों को विशेष परमिट शर्तों के तहत संचालन की अनुमति दी जाती है अत: ऐसे वाहनों का शादी, विवाह, बारात आदि अन्य कार्यों में उपयोग करना परमिट की शर्तों का उल्लंघन है तथा यह मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। जिले में कहीं पर भी स्कूल बसों का शादी, विवाह, बारात या अन्य व्यवसायिक कार्यों में उपयोग पाए जाने पर संबंधित वाहन मालिक और चालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल ने सभी स्कूल वाहन संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि वे नियमों का पालन सुनिश्चित करें और स्कूल वाहनों का उपयोग केवल छात्रों के परिवहन के लिए ही करें। विभाग द्वारा समय-समय पर औचक जांच भी की जाएगी।

जिला प्रशासन ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं स्कूल वाहनों का उपयोग शादी-बारात या अन्य निजी कार्यक्रमों में किया जाता हुआ दिखाई दे, तो इसकी सूचना संबंधित विभाग को दें, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े नियमों का कड़ाई से पालन कराया जा सके।



## जिला स्तरीय ओलिंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन

**वारासिवनी।** जिला कलेक्टर मृणाल मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय ओलंपियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में जिले के कक्षा 2 से 8 तक के प्रथम स्थान प्राप्त 32 छात्र-छात्राओं को ट्रैक शूट, बैग, बॉटल, कम्पास, शील्ड और प्रमाण पत्र तथा उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को शील्ड और प्रमाण पत्र देकर कलेक्टर द्वारा सम्मानित कर चयनित छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। सम्मान समारोह में शासकीय माध्यमिक शाला नरोड़ी से कक्षा 8 वीं की छात्रा माही परते को संस्कृत विषय में प्रथम आने पर तथा मार्गदर्शी शिक्षक धन्नालाल बिसेन को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर शाला प्रमुख सविता रिनायत, शिक्षक रूपसिंह उईके द्वारा छात्रा माही परते और शिक्षक धन्नालाल बिसेन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।

## संत निरंकारी फाउंडेशन के अनुयायियों ने शंकर तालाब में चलाया स्वच्छता अभियान

**वारासिवनी।** सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी की कृपा एवं आशीर्वाद से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा सद्गुरु बाबा हरदेव जी महाराज की शिक्षाओं से प्रेरणा लेते हुए उनकी स्मृति में आयोजित प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत जल संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन वारासिवनी शहर के मध्य स्थित शंकर तालाब के किनारों एवं पार्क की सफाई मिशन के अनुयायियों द्वारा की गई।




ऐसे सफाई अभियान का आयोजन संपूर्ण देश के शहरों, कस्बों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित तालाबों, नदियों एवं घाटों की सफाई प्रति वर्ष की जाती हैं। जहां वारासिवनी एवं उसके अंतर्गत आने वाली ग्रामीण संगते सोनबाटोला, मुरझड़, तुमाड़ी, कोपे, बुधाटोला, बरबसपुर, वारा आदि स्थानों से संत निरंकारी मिशन के अनुयायी यहां पहुंचकर इस सेवा को संपन्न किया एवं जनमानस को एक सुंदर मैसेज स्वच्छ जल स्वच्छ मन का दिया। इसी तरह का आयोजन आज बालाघाट जिले में वारासिवनी के अलावा ब्रांच रेंगाटोला, महदुली, कासपुर, बालाघाट, कटंगी एवं उनके अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी में भी किया गया।

## खैरलांजी पुलिस ने 20 मवेशी एवं 4 पिकअप वाहनों को किया जब्त

4 व्यक्तियों के खिलाफ बनाया गया प्रकरण



**वारासिवनी।** जिले में मवेशियों की तस्करी का कार्य जोरों पर चल रहा है। कुछ दिनों पहले वारासिवनी पुलिस ने लालबर्रा मार्ग पर टोडिया नाले के पास 2 पिकअप वाहन में 7 मवेशियों को पकड़ा था, फिर लॉजी में भी मवेशियों को पकड़ा गया। उसके बाद शनिवार को खैरलॉजी पुलिस ने 4 पिकअप वाहनों में लगभग 20 नग मवेशी भैंस बरामद कर सभी वाहनों को जप्त कर लिया है। इस मामले में 4 व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

खैरलॉजी पुलिस से मिली जानकारी 21 फरवरी 2026 को थाना खैरलांजी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम भौरगढ़ से महाराष्ट्र की ओर मर्वेशियों भैस की तस्करी की जा रही है। सूचना पर थाना खैरलांजी पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों मेकार्रवाई करते हुए ग्राम भौरगढ़-कुम्हली मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर पिकअप वाहनों क्रमांक एमपी 50 जेड जे 7516, एमएच 34 बीजी 3883 एवं एमपी 50जेड डी 2273, एम एच 35 एजे 2109 को रोक कर पिकअप वाहनों मे बैठे व्यक्तियों से पूछताछ कर तलाशी लेने पर वाहनों के अंदर 20 नग मवेशी भैस भरे हुए पाए गए। आरोपीगणों को गिरफ्तार कर 20 नग मवेशी भैस एवं परिवहन मेंप्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया।

इस मामले में पुलिस ने प्रकरण पंजीबद्ध कर अपराध क्रमांक 56/2025 धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960, 184 मोटरयान अधिनियम 1988 के तहत भुनेश्वर चौधरी उम्र 23 वर्ष निवासी नवेगांव खैरलांजी व अजय मस्करे उम्र 28 वर्ष निवासी नवेगांव खैरलांजी तथा अपराध क्रमांक 57/2025 धारा 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 के तहत 184 मोटरयान अधिनियम 1988 राम उर्फ रामजाने कुतराहे उम्र 25 वर्ष निवासी भेंडारा रामपायली व संदीप जैतवार उम्र 27 वर्ष निवासी आरंभा खैरलांजी को आरोपी बनाया गया है।

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरलांजी उपनिरीक्षक दीपक गौतम, सउनि सतीश गेडाम, आरक्षकगण विवेक ठाकरे, आरक्षक वीरेन्द्र नागभिरे, आरक्षक नवनीत कुमरे, आरक्षक विष्णु जाट, आरक्षक आकाश, आरक्षक दयानंद डोहरे, आरक्षक वीरेन्द्र रावतकर, आरक्षक रामसिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### 50 लाख की डिमांड कर नवविवाहिता को घर से निकाला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत दमोहनाका में रहने वाली नवविवाहिता को दहेज लोभियों ने 50 लाख रूपए की डिमांड कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति, ससुर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को श्रीमति दीपाली साहू 28 वर्ष निवासी कुचैनी परिसर दमोहनाका ने लिखित शिकायत की कि उसका विवाह ऋषभ जैन निवासी कुचैनी परिसरर दमोहनाका के साथ 13 दिसम्बर 24 को हुआ था उसका प्रेम विवाह हुआ था विवाह में उसकी मॉ ने अपनी सामर्थता के अनुसार सोने के जेवर एवं अन्य सामान उपहार स्वरूप दिये थे परंतु पति ऋषभ जैन एवं ससुर राजेन्द्र जैन इस शादी से संतुष्ट नहीं थे शादी के बाद कम दहेज मिलने के कारण पति उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा, उसने अपनी मॉ को बतायी थी, मॉ एवं भाई ने पति एवं ससुर को समझाया तो पति और ससुर दहेज में 50 लाख रूपये की मांग करने लगे, मई 2025 में मारपीट करके उसे भगा दिया।

## आल इंडिया एड्स कंट्रोल एम्प्लोईज पुनर्गठन की बैठक आयोजित

**नवभारत, तिरोडी।**आल इंडिया एड्स कंट्रोल एम्प्लोयीस पुनर्गठन नई दिल्ली स्थित होटल ऑरा में आयोजित राष्ट्रीय बैठक के दौरान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।। संगठन को और अधिक सशक्त, संगठित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नई राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया है।



नवगठित पदाधिकारी अब कर्मचारियों के हितों की रक्षा, वेतन पुनरीक्षण, नियमितीकरण तथा अन्य लंबित मांगों को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाने हेतु पूर्ण रूप से कार्यरत हैं। इसमे संस्थापक वरिन्द्र गोस्वामी, अध्यक्ष चन्द्रशेखर पोलिमेटला, उपाध्यक्ष सुनेत्रा चौधरी, सचिव पूजा रेड्डी, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र सोलंकी, महासचिव आशीष कुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र बडोदिया, क्षेत्रीय समन्वयक राजू कुमार गुप्ता, अशोक बाबू, प्रकाश चन्द्र यादव, सह-प्रवर्तक अजय कपूर, राष्ट्रीय समन्वयक डॉ. केशव झारिया, संयुक्त सचिव रणवीर सिंह रावत, दीपक गौरवामी, मुजफ्फर मकबूल, बांदी सुधाकर,

मुख्य सलाहकार बाबू भाई चौहान, कार्यकारिणी सदस्य सिंचिनी सरकार, टी. स्नेह लता, डॉ. ए. वी. त्रिपाठी, डॉ. आर. के. श्रीवास्तव, विधि सलाहकार अमरनाथ गिरी अधिवक्ता, दिल्ली, संयुक्त सलाहकार सुजाता माता, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र प्रताप सिंह एवं रविशंकर कटिया AIACEA की नई टीम देशभर में कार्यरत एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। संगठन पूर्व की भांति कर्मचारी एकता, अधिकारों की सुरक्षा एवं सम्मानजनक वेतनमान के लिए निरंतर संघर्ष करता रहेगा।

## समर्थन मूल्य पर चना उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन

- किसान 16 मार्च तक करा सकेंगे पंजीयन
- पंजीयन के लिए बनाए गए 23 केन्द्र

**बालाघाट।** भारत सरकार की प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में चना उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया 20 फरवरी 2026 से प्रारंभ कर दी गई है, जो 16 मार्च 2026 तक चलेगी। शासन द्वारा घोषित समर्थन मूल्य पर चना विक्रय करने के इच्छुक किसान 16 मार्च 2026 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसानों के पंजीयन के लिए बालाघाट जिले में 23 केन्द्र बनाए गए हैं।

उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि किसान उपार्जन पोर्टल के माध्यम से भी अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन की सुविधा सहकारी समितियों में स्थापित पंजीयन केंद्रों, ग्राम पंचायत कार्यालयों, जनपद स्तरीय कार्यालयों एवं तहसील कार्यालयों में नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। इसके अतिरिक्त एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी साइबर कैफे के माध्यम से निर्धारित शुल्क के साथ पंजीयन कराया जा सकेगा।

जिले के विभिन्न तहसीलों में 23 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनमे बालाघाट तहसील में वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्या. बालाघाट पंजीयन केन्द्र बालाघाट/जरेरा, सेवा सहकारी समिति मर्या. चांगोटोला के पंजीयन केन्द्र गुडरू, विपणन सह.समिति बालाघाट-टाकाबर्रा पंजीयन केन्द्र लामता, कटंगी तहसील में बृहत्ता सेवा सहकारी संस्था कटंगी पंजीयन केन्द्र बनेरा, तिरोड़ी तहसील में सेवा सहकारी समिति मर्या. कटेदरा पंजीयन केन्द्र धनकोषा, किरनापुर तहसील में सेवा सहकारी समिति मर्यादित बडगांव, खैरलांजी तहसील में सेवा सहकारी समिति मर्यादित आरंभा, सेवा सहकारी समिति खैरलांजी, परसवाडा तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था परसवाड़ा, बघोली चंदना, उकवा, बैहर तहसील में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर, परसामऊ, बिरसा तहसील में सेवा सहकारी समिति मानेगांव, दमोह, सालेटेकरी, लाँजी तहसील में सेवा सहकारी संस्था लांजी, लालबर्रा तहसील में ददिया, नेवरगांव, सिहोरा, डोकरबंदी एवं वारासिवनी तहसील में सेवा सहकारी संस्था बारासिवनी एवं डोंगरमाली शामिल हैं। जिला प्रशासन ने सभी कृषकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर अपना पंजीयन अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर चना विक्रय का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## ब्रजेश मिश्रा को पितृ शोक



**नवभारत, बालाघाट।** विगत कई वर्षों से समाज सेवा के साथ पत्रकारिता के माध्यम से प्रशासन ओर जानता के बीच समन्वय स्थापित करने निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे खिलाड़ी ब्रजेश मिश्रा (जेपी फाइनेंस के डायरेक्टर)निवासी प्रेम नगर के पिताजी छलकन प्रसाद मिश्रा का स्वर्गवास हो गया है ।

आक्रोश | 'नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग को लेकर आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया

# जनादेश का अपमान बर्दाश्त नहीं, मंत्री को तत्काल हटाए मुख्यमंत्री : श्याम पंजवानी

**नवभारत बालाघाट।** मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के खिलाफ कथित अमर्यादित भाषा के प्रयोग को लेकर आज बालाघाट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए मंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग की।



### गलत नीतियों का विरोध करना विपक्ष का काम : पंजवानी

'प्रदेश की 7 करोड़ 30 लाख जनता ने स्पष्ट जनादेश देकर भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बैठाया है और कांग्रेस को विपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। विपक्ष का दायित्व है कि वह सदन की गरिमा बनाए रखते हुए सरकार के भ्रष्टाचार, गलत नीतियों और जनविरोधी निर्णयों को उजागर करे। हम लोकतांत्रिक परंपराओं के तहत अपनी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन मंत्री द्वारा बौखलाहट में दिए जा रहे अनर्गल और अमर्यादित बयान इस बात का संकेत हैं कि सरकार तथ्यात्मक जवाब देने में असफल हो रही है। यह केवल नेता प्रतिपक्ष का ही नहीं, बल्कि प्रदेश की जनता के जनादेश का भी अपमान है।'

### युवा बेरोजगारी की समस्या से जूझ रहे : विश्वकर्मा

'आज प्रदेश का युवा महंगाई, बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता से जूझ रहा है। ऐसे समय में सरकार को जवाबदेह होने के बजाय विपक्ष पर व्यक्तिगत टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मंत्री को युवाओं के मुद्दों पर बात करनी चाहिए, न कि सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

यह बड़बोलापन और अहंकार लोकतंत्र के लिए ठीक संकेत नहीं है।'

### विधान सभा में मर्यादित आचरण जरूरी : बर्वे

सेवादल अध्यक्ष जीतू बर्वे ने अपने वक्तव्य में कहा 'जनप्रतिनिधि का आचरण समाज के लिए उदाहरण होता है। विधानसभा जैसे गरिमामय मंच पर संयम, शालीनता और मर्यादा अपेक्षित है। यदि मंत्री स्वयं इन मूल्यों का पालन नहीं करेंगे तो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी इस तरह की असंसदीय भाषा और व्यवहार का कड़ा विरोध करती है।'

### जनप्रतिनिधियों से संतुलित भाषा की उम्मीद : लक्ष्मी

महिला कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मी बागड़े ने कहा 'महिलाएं और समाज का हर वर्ग जनप्रतिनिधियों से संतुलित और जिम्मेदार भाषा की अपेक्षा करता है। जिस प्रकार की टिप्पणी की गई है, वह लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। हम मांग करते हैं कि मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और भविष्य में ऐसी भाषा के प्रयोग से बचें। 'प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से श्याम पंजवानी, लक्ष्मी वाघाडे , अनिल सोनी, जीतू बर्वे, शिवम विश्वकर्मा, अनिल बनोटे, उषा मिश्रा, जुवैदा अंसारी,प्रवीण मदनकर, प्रकाश मदन कर, शानू राय, राजू यादव, उर्मिला जी, शीला नागपुरे, दुर्गा वरकड़े,दीपक बघेल, सौरभ चौहान, चंद्रेश दशहरे, राहुल बीरंबार, अंकितबिसेन, मयूर ऊईके,सुनील बनारे, प्रवीण घरड़े, राजू राय, रघु सिंगार, जुगल किशोरी, साहिल विश्वकर्मा, चंदू उइके, राहुल बिरनावार, शाकिर बिसेन, सुमित उइके, देव उइके, सारंग विश्वकर्मा, डी. के. श्रीवास, मयूर उइके, देवेंद्र दमोह, सोनू विश्वकर्मा, डी के मेश्राम , मिथुन सोलखे, विकास निकोंसे, मुकेश रंनगिरे, जितेंद्र पटले , राजा कोरी ,बगलेश लिल्हारे,राजेंद्र मोहारे ,शैलेश टेभरे, मोंटू बिसेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।